प्रभात खबर

सरकारी शराब दुकान से लाखों रुपये की अवैध नकली शराब जब्त

तालझारी. गुप्त सूचना के आधार पर एसआईटी ने विदेशी सरकारी शराब दुकान में अवैध नकली शराब को जब्त किया है. कीमत लाखों रुपये बतायी गयी है. इसमें आरएस, बलांडर प्राइड, नंबर वन, ऑफिसर च्वाइस, एट पीएम आदि ब्रांड के विदेशी शराब थी. जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कल्याणी महाराजपुर के पास सरकारी विदेशी शराब दुकान में सोमवार की सुबह आठ बजे एसआइटी ने अवैध भारी मात्रा में नकली शराब को पकड़ा है. विभिन्न ब्रांड की खाली बोतल व रेफर भी बरामद किया है. मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह एक ग्राहक विदेशी शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए गया था. ग्राहक ने दुकानदार से शराब की मांग की थी. दस बजे के बाद कह कर शराब देने से इंकार कर दिया. ग्राहक ने पेशाब करने को कहकर दुकान के अंदर घुस गया था. अंदर घुसने पर नकली शराब बनाने की गंध आ रही थी. गंध के कारण वे रसोईघर में घुसकर देखा तो अचंभित रह गये. रसोई घर में नकली शराब बनायी जा रही थी. पूछने पर दुकानदार ने

आनाकानी की. मौके पर राजमहल डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी, पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, बीडीओ पवन कुमार, सीओ राम सुमन प्रसाद, उत्पाद विभाग के निरीक्षक प्रवीण कुमार राणा, एसआइ सियाराम पंडित, एएसआइ मनोज कुमार आजाद समेत दर्जनों जवान मौजूद थे. टीम ने नकली शराब जब्त को किया है. कैश काउंटर से 52,690 रुपये नकद भी बरामद किया गया है. किराये के मकान में है विदेशी शराब दुकान जिस मकान में नकली शराब बनाते हुए पकड़ा गया है. वह सरकारी लाइसेंसी दुकान अनिल महतो नामक एक व्यक्ति के मकान में चलती है. यहां करीब एक साल से सरकारी अनुज्ञप्ति विदेशी शराब दुकान चल रही है. वहीं मकान के दूसरी ओर सरकारी अनुज्ञप्तिधारी देशी शराब की दुकान है. चार कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नकली शराब बनाने के मामले उत्पाद विभाग के निरीक्षक प्रवीण कुमार राणा के बयान पर तालझारी थाना कांड संख्या 67/24 दर्ज कर दुकान के चार कर्मी सुमेश कुमार, अभय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार मंडल,व बीरबल मंडल पर प्राथमिकी दर्ज की है. मैकडेवल नंबर वन 24 पीस 375 एमएल, चार बोतल में रंगीन कलर का केमिकल पदार्थ, बीस लीटर जार में रंगीन केमिकल वाली तीन लीटर, एक मोबाइल, एल्युमिनियम पेन, 22 पीस एस्टीकर, दो झोला विभिन्न ब्रांड की खाली शराब की बोतल, एक सौ से ऊपर ढक्कन जब्त किया है.

Source:
https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/sahibganj/the-team-raided-kalyani-maharajpur